# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-268 सागवाड़ा, शनिवार, 18 जून, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




# राहुल गांधी से ईडी द्वारा पूछताछ का विरोध, सागवाड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन

## विपक्ष की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का भाजपा दुरूपयोग कर रही- बामणिया

**सागवाड़ा।** ईडी की राहुल गांधी से पूछताछ के मामले में शनिवार को सागवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और ईडी से राहुल गांधी की पूछताछ को षड़यंत्र बताया। खास बात यह रही कि आम तौर पर बिखरी-बिखरी नजर आने वाली कांग्रेस इस प्रदर्शन में एकजुट नजर आई। कांग्रेस के शहर और ब्लॉक के तमाम पदाधिकारियों सहित सभी प्रमुख नेता नजर आए। सागवाड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार बामनिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूर्व प्रतिपक्ष नेता कुलदीप गांधी के प्रतिष्ठान पर एकत्रित हुए वहां से रैली के रूप में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गोल चौराहे पर पहुंची। गोल चौराहे पर नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंक कर विरोध जताया ।



इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार बामनिया ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। बामनिया ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के मन में गुस्सा है। आज सब तरफ यही नारा गूंज रहा है कि जब-जब मोदी डरता है पुलिस को आगे करता है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का भाजपा दुरूपयोग कर रही है। कभी सीबीआई, कभी ईडी या अन्य संस्थाओं के माध्यम से पार्टी के नेताओं को दबाव में लेने का प्रयास कर रही है। अशोक गहलोत के भाई के यहां सीबीआई छापे मोदी सरकार की बौखलाहट दर्शाता है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की तानाशाही व अलोकतांत्रिक गतिविधियों के खिलाफ संघर्ष कर रही कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी से सम्मन जारी करना और अहिंसावादी तरीके से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को जबरन रोकने व गिरफ्तार करने की कार्यवाही लोकतंत्र का गला घोंटने के समान है।

बामनिया ने कहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले भी इस देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया है। हजारों की संख्या में जेल गए और प्राणों का बलिदान भी दिया। एक बार फिर कांग्रेसजन लोकतंत्र के हत्यारो व तानाशाहों के जुल्मों के खिलाफ संघर्ष कर रहे है। केंद्र सरकार का उतावलापन उनको अंधकार और बर्बादी की ओर ले जाएगा। यह लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक कदम है। देश में स्वतंत्रता के अधिकार को केंद्र सरकार तानाशाही तरीके से छीनना चाहती है।

ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल फलोत ने कहा कि ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग करके डराया जा रहा है। राहुल गांधी से भयभीत होकर मोदी सरकार प्रेशर बनाना चाह रही है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, पवन कुमार गोवाड़ीया, कुलदीप गांधी, कपिल भट्ट, मनोहर कोटेड,आशा डेंडोर, उपप्रधान नरेश पाटीदार, कांतिलाल सारगिया, प्रधूमन सारगिया, ललित पंचाल, भरत भट्ट, हितेश पाटीदार, वैभव गोवाड़ीया, प्राशु शाह, धीरज मेहता, आशीष गांधी, पुष्पराज, बदामीलाल डामोर, सुनील डेंडोर, मथन गुप्ता,रवि पाटीदार, सुरेश भट्ट , डायालाल सेवक, सरपंच आराधना नानोमा, बसंती रोत, शशिकांत पुरोहित, रविशंकर पुरोहित, गोविंद पुजोत, प्रदीप पुरोहित, कृष्णकांत पंड्या, रामू, बुनकर, बदामीलाल पाटीदार, प्रहलाद जोशी,नानूलाल परमार, आशीष परमार,राजू पाटीदार,रमेश यादव, प्रभुलाल डेंडोर, संगीन डामोर,कांति डामोर, गोविंद ननोमा,धुला ननोमा, पूर्णशंकर डिंडोर, शांतिलाल पारगी, गिरवर सिंह, चौहान,कल्पेश रावल,कचरा मालीवाड, बदिया अंगारी, जगन्नाथ ननोमा, पन्नालाल डोडियार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस की अवैध वसूली के खिलाफ डूंगरपुर शहर रहा बंद

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आव्हान पर 12 बजे तक दुकाने रही बंद, एडीएम को दिया सीएम के नाम ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले में 2 सीआई व 2 कांस्टेबल के ट्रेप होने के मामले में सख्त कार्रवाई व पुलिस की अवैध वसूली के विरोध में डूंगरपुर शहर के बाजार आज बंद रहे। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आव्हान पर दोपहर 12 बजे तक व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुए पुलिस की कार्यशैली के विरोध में आक्रोश जताया। वही कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद एडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। डूंगरपुर जिले में पुलिस द्वारा शराब ठेकेदारों को परेशान करके रिश्वत लेने के मामले में 16 जून को हुए ट्रेप हुए 2 सीआई व 2 कांस्टेबल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व पुलिस की अवैध वसूली के विरोध में आज चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के आव्हान पर डूंगरपुर शहर के बाजार बंद रहे। व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे तक अपने-अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रखते हुए पुलिस की कार्यशैली के विरोध में अपना आक्रोश जताया। इधर बंद के तहत चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आव्हान पर सभी व्यापारी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान व्यापारियों ने पुलिस की अवैध वसूली व ट्रेप हुए पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने एडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन बताया की पुलिस द्वारा व्यापारियों पर गलत तरीके से परेशान व दबाव बनाकर अवेध रूप से वसूली की जा रही है। तीन दिन पहले हुई एसीबी की कार्रवाई उसी का उदाहरण है जिसमे साफ़-साफ़ पता चलता है की पुलिस किस तरह से व्यापारियों को परेशान करके रिश्वत ले रही थी। ऐसे में चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने सीएम से भ्रष्ट पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मौके पर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के के गुप्ता ने बताया की उनकी उच्चाधिकारियों से बात हुई है जिसमे उच्चाधिकारियों ने उनकी समस्याओ के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। वही इसके बाद भी यदि व्यापारियों को राहत नहीं मिलती है तो चैम्बर आने वाले समय में और भी बड़ा कदम उठाएगा।

## अंग्रेजों और मोदी राज में फर्क नहीं:बेनीवाल

**जयपुर।** अग्निपथ का राजस्थान में विरोध लगातार जारी है। आरएलपी प्रमुख और सांसद हनुमान बेनीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी खुद के अलावा किसी की तारीफ नहीं सुनना चाहते। वे सेना के शौर्य की प्रतीक रेजिमेंट सिस्टम को खत्म करना चाहते हैं। अग्निपथ स्कीम वापस ?नहीं लिया गया तो देश में गृह युद्ध के हालात बन सकते हैं। आरएलपी देश के जवानों के साथ हे। 27 जून को जोध में आरएलपी की बड़ी विरोध रैली होगी, इसके बाद दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिलों और तहसील लेवल तक जाकर विरोध किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो दिल्ली कूच करेंगे और हाईवे जाम करेंगे। बेनीवाल जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बेनीवाल ने कहा- केंद्र सरकार ने पहले तीन काले कानूनों से किसानों को परेशान किया लेकिन जब किसान उठ खड़ा हुआ तोउन्हें वापस लेना पड़ा।

## सागवाड़ा CI को किया लाइन हाजिर, शैलेंद्र सिंह को लगाया नया सीआई

### डूंगरपुर में रिश्वत प्रकरण के बाद एसपी एक्शन में

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में रिश्वत प्रकरण के बाद एसपी सुधीर जोशी ने सागवाड़ा सीआई को भी लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह पर पुलिस लाइन से नए सीआई को लगाया गया है। वहीं डूंगरपुर से एक एसएचओ का ट्रांसफर हुआ है, जबकि 3 नए एसएचओ डूंगरपुर लगाए गए हैं।एसपी सुधीर जोशी ने शनिवार शाम को एक आदेश जारी कर 2 सीआई के तबादले किए हैं। सागवाड़ा सीआई सुरेंद्र सिंह सोलंकी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

उन्हें पुलिस लाइन में उपस्थिति देने के निर्देश दिए। हालाकि लाइन हाजिर को लेकर कोई वजह नहीं बताई गई है और प्रशासनिक कारण बताए गए हैं। वही उनकी जगह पर पुलिस लाइन से सीआई शैलेंद्र सिंह को सागवाड़ा में लगाया है। इससे पहले शैलेंद्र सिंह को डूंगरपुर कोतवाली थाने में लगाए जाने की चर्चा थी। वही आईजी रेंज उदयपुर हिंगलाजदान की ओर से उदयपुर रेंज के 14 एसएचओ के ट्रांसफर किए गए हैं।

इसमें डूंगरपुर से साबला एसएचओ मनीष कुमार खोईवाल का बांसवाड़ा ट्रांसफर कर दिया गया है। जबकि उदयपुर से एसएचओ पृथ्वी सिंह, बांसवाड़ा से हेमंत चौहान और चित्तौड़गढ़ से गोपालनाथ को डूंगरपुर जिले में ट्रांसफर किया गया है।

आदेश में एसएचओ पृथ्वी सिंह के रिटायरमेंट में 2 साल से कम समय रहने की वजह से नॉन फील्ड गृह जिले में लगाया है। उन्हें फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाएगी।

## चार धाम की यात्रा कराने वाले ठेकेदार के साथ जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट

**सीमलवाड़ा।** चार धाम यात्रा कराने वाले ठेकेदार के साथ जातिसूचक एवं गाली गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। धंबोला थाने में दर्ज मामले की जांच उप अधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान ने शुरू कर दी है। एएसआई अशोक कलाल ने बताया कि डूंगरपुर निवासी मणिलाल उर्फ मनोज पुत्र शंकर लाल खटीक ने झलाब निवासी कमलाशंकर पुत्र वालजी पाटीदार के खिलाफ जातिसूचक एवं मारपीट का मामला दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि प्रार्थी मणिलाल जो कि चार धाम यात्रा कराने का कार्य बरसों से कर रहा है। मां जगदंबा ट्रेवल्स यात्रा संघ की फर्म है । डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिलों के लोगों को चार धाम यात्रा पर ले जाते हैं। 13 अप्रैल 2022 को बस से बागीदोरा, चोखला, पिंडावल, झलाब, किशनपुरा, पाडलिया, करावाड़ा , सुरपुर के 49 यात्री तथा फर्म से जुड़े 7 बस स्टाफ के थे। झलाब से वालजी पुत्र रतनजी पाटीदार एवं उनकी पत्नी शांति देवी यात्रा में थे। 14 व 15 मई को सभी यात्री बनारस में थे वहां पर शांति देवी बीमार हो गई, जिनको 2 दिन इलाज चला ठीक नहीं होने से प्रार्थी ने उनको बाय प्लेन अहमदाबाद और वहां से उनके गांव रवाना किया बाकी यात्रियों को लेकर यात्रा पूरी की। वही 16 जून को सभी यात्रियों को वापस छोड़ने झलाब पहुंचे जहां पर कमला शंकर पुत्र वालजी पाटीदार जोकि सरकारी शिक्षक भी है वह आकर कहने लगा कि तुमने मेरे माता-पिता को बीच यात्रा से क्यों रवाना किया, तुम कौन होते हो जो मेरे माता पिता को बीच यात्रा से वापस भेजने वाले सहित जातिसूचक एवं गाली गलौज की, अभद्र भाषा का उपयोग किया एवं जान से मारने की धमकी देकर मारपीट शुरू कर दी। प्रार्थी को घसीटते हुए बाहर ले गया और पेट्रोल से जलाने की कोशिश की, जैसे तैसे वहां से भागकर बस में बैठ गया फिर बस पर पेट्रोल डालने लगा । प्रार्थी को पकड़कर बस से बाहर ले गया एवं मारपीट की । यात्रियों ने बीच बचाव किया।

## वागड़ के वीर सपूत शहीद कांस्टेबल महेंद्र सिंह राणावत को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**सागवाड़ा।** वागड़ के वीर सपूत शहीद कांस्टेबल महेंद्र सिंह राणावत 21 वीं बटालियन BSF की अंतिम शौर्य यात्रा कल निकलेगी। सुबह 5 बजे अहमदाबाद क्रस्त्र कैम्प से शुरू हो कर 8 बजे डूंगरपुर बस स्टैंड, 8.30 बजे वरदा से सागवाड़ा, अगरपुरा, गढ़ी, अरथूना, कांगलिया चौराहा होते हुए दोपहर करीब 12 बजे आनन्दपुरी से पैतृक गांव रोहनिया( चांदरवाड़ा) पहुंचेगी। शौर्य यात्रा में जगह जगह शहीद कांस्टेबल महेंद्र सिंह राणावत को श्रद्धांजलि दी जाएगी। सागवाड़ा में गोल चोराहे पर भी श्रद्धांजलि दी जाएगी। रविवार को उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। बंगलादेश से सटे सिलीगुड़ी (दार्जलिंग) बॉर्डर पर तैनात बांसवाड़ा का BSF जवान ड्यूटी पर शहीद हो गया। रोहनिया (चांदरवाड़ा) तहसील आनंदपुरी निवासी महेंद्र सिंह राणावत, 21 बटालियन BSF, बैकुंठपुर (उत्तर बंगाल) में तैनात था। बीती शाम गश्त के दौरान बिजली गिरने से महेंद्रसिंह की मौत हो गई। महेंद्र की करीब 5 साल पहले शादी हुई थी। वहीं करीब 7 साल पहले महेंद्र ने BSF जॉइन की थी।

# समाजिक समरसता के प्रतीक है बाबा रामदेव- ताराचंद भगोरा

## पूर्व सांसद भगोरा ने रामसापीर के मंदिर प्रतिष्ठा में लिया भाग



**सीमलवाड़ा।** भारत की इस पवित्र धरती पर समय समय पर अनेक संतों, महात्माओं, वीरों व सत्पुरुषों ने जन्म लें युग की आवश्कतानुसार उन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व के बल से, दुखों से त्रस्त मानवता को दुखों से मुक्ति दिला जीने की सही राह दिखाई यह उदगार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्टीय सचिव, हरियाणा राज्य पीआरओ व डूँगरपुर-बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने 18 जून को चौरासी विधानसभा के चौतरा गांव में अखिल भारतीय बंजारा समाज की ओर से आयोजित बाबा रामदेव एवं अम्बे मां की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरक़त करते व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि समाज में गरीब की सुनने वाला कोई नहीं था छुआछुत की भावना चरम सीमा पर थीं उस समय बाबा रामदेव पीर अवतरित हुए। जिन्होंने लोक में व्याप्त अत्याचार, वैर-द्वेष, छुआछुत का विरोध कर अछुतोद्धार का सफल आन्दोलन चलाया। कार्यक्रम में मुख्य कुंड के यजमान मोतीलाल भाई बंजारा एवं सपरिवार पंडित अनिल मिश्रा व अशोक मिश्रा द्वारा 25 कुंडीय यज्ञ के तमाम यजमान परिवार एवं शास्त्रीय द्वारा मंदिर स्थल एवं स्थापना कार्यक्रम को लेकर नवचंडी एवं यज्ञ करते हुए वातावरण को भक्तिमय से सरोवर रहा। आयोजक मंडल ने बताया कि रुणिचा वाले बाबा रामदेव एवं मां अंबे माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव चौतरा बंजारा बस्ती टांडा द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की अपील है तथा नवचंडी के पश्चात अपराह्न माता जी की झांकी एवं गंगाजल के साथ मूर्तियों का पदार्पण मंदिर के पंडाल में किया जाएगा जहां पर मूर्तियों का धन-धानिया स्नान गंगाजल स्नान एवं मूर्ति में प्राण प्रारूप मंत्रोचार के साथ कल सांय 3 बजे मूर्तियों की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तथा मूर्ति स्थापना के तत्पश्चात सर्व समाज का महा प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में आज पूर्व सांसद एवं हरियाणा पीआरओ ताराचंद भगोरा के वहां पहुंचने पर भक्तों में खुशी की लहर के साथ तमाम ग्राम वासियों एवं रामदेव युवा मंडल चौतरा द्वारा तिलक माला से सम्मान किया गया इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व सीमलवाड़ा पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, संगठन महामंत्री सुरेश भोई,सरपंच कालू भाई डामोर, अखिल भारतीय बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष उदयलाल बंजारा ,ट्रस्ट के उपाध्यक्ष भूपेंद्र बंजारा, कोषाध्यक्ष भंवर भाई बंजारा, राजू भाई बंजारा, सचिव कन्यालाल बंजारा ,भरत भाई बंजारा, सोमाजी बंजारा ,मोती भाई बंजारा, रामचंद्र बंजारा ,अमर सिंह जी, रणछोड़, अमर सिंह, गोवर्धन बंजारा, मोर सिंह बंजारा, पूर्व उपसरपंच भागीरथ बंजारा ईश्वर बंजारा ,बाला बंजारा (बलिया), भरत भाई बंजारा, गणपत भाई, दिनेश भाई, दिनेश, प्रताप, पोपट बंजारा, राम सिंह भाई, हितेश, मोहन भाई डामोर ,राम सिंह बंजारा, योगेश, पप्पू मनोज ,दशरथ भाई, दाऊ बंजारा, मुखी वार्ड पंच सरपंच मोर सिंह विनोद।

# गहलोत मंत्रिपरिषद में अग्निपथ स्कीम के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में अग्निपथ स्कीम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया है। मंत्रिपरिषद के प्रस्ताव में युवा हितों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से अग्निपथ स्कीम को तत्काल वापस लेने का उल्लेख है। मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों ने एक सुर में अग्निपथ सकीम को वापस लेने की मांग करते हुए देश भर में हिंसक प्रदर्शनों पर चिंता जताई और युवाओं से शांति रखने की अपील की। कांग्रेस ने इस स्कीम का सड़कों पर उतरकर विरोध करने का फैसला किया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों ने कहा कि मोदी सरकार ने रक्षा विशेषज्ञों और सेना के रिटायर्ड अफसरों से कोई राय मशवरा किए बिना सीधे



अग्निपथ की स्कीम ले आई। इससे सालों से कड़ी मेहनत कर रहे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है।

यह देश की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। इसी को लेकर देशभर में युवा अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद खाद्य प्रताप सिंह खाचरियावास ने मीडिया से बातचीत में कहा- केंद्र सरकार उद्यमियों को तो 50 साल की लीज पर एयरपोर्ट थमा देती है लेकिन सेना में जाकर देश सेवा करने वाले सपना देखने वाले युवाओं के सपनों पर कुठाराघात करते हुए उन्हें केवल 4 साल कहीं समय दे रही है। 4 साल के बाद वह युवा किस रास्ते पर जाएगा कुछ नहीं पता,क्योंकि उसका भविष्य सुरक्षित नहीं है। अग्निपथ स्कीम के जरिए देश की सुरक्षा को भी कमजोर करने की साजिश दिखती है। अग्निपथ स्कीम के विरोध में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर विरोध करने का फैसला किया है। विरोध की शुरुआत रविवार से की जा रही है। मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा- खुद राहुल गांधी ने युवाओं के साथ खड़े होने की बात कही है, इसलिए कल जयपुर में सुबह 10 बजे से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा,मंत्री,विधायक और पार्टी के कार्यकर्ता दुपहिया वाहनों पर तिरंगा यात्रा निकालेंगे।